कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री किरोडी लाल मीना पुत्र श्री रामखिलाडी मीना निवासी ग्राम पोस्ट मालावास, ग्राम पंचायत देवरी, पोस्ट शेखपुरा तहसील बहरावंडा जिला दौसा राजस्थान– 303501

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बहरावंडा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

अपील संख्या 48/2026

निर्णय

दिनांक 20.04.2026

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बहरावंडा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बहरावंडा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर रिपोर्ट भिजवाने के निर्देश प्रदान किये गये।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार बहरावंडा को पत्र कमांकः डीएम/कोर्ट/2026/1053 दिनांक 06.04.2026 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार बहरावंडा ने पत्र कमाकः भू0अ0/सूचना का अधिकार अधिनियम/2026/554 दिनांक 15.4. 2026 के द्वारा वांछित सूचना अपरीलांट को भिजवाते हुए प्रति इस कार्यालय को प्रेषित की गई है। उक्त पत्रादि की छाया प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध करा दी गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(डॉ.सौम्या झा)
जिला कलक्टर, दौसा